>

Title: Need to provide compensation to the victims of rail accident that occurred in Rampur, Uttar Pradesh on 22nd November, 2007.

श्रीमती जयाप्रदा (रामपुर): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र रामपुर के केमरी स्थान पर मानव रहित रेलवे क्रासिंग पर 22 नवम्बर, 2007 को रेलवे इंजन के साथ ट्रैक्टर का एक्सीडेंट हुआ था। इस एक्सीडेंट से ट्रैक्टर मे सवार कई लोग मौत का शिकार हो गये और कई बुरी तरह से घायल हुए परन्तु अभी तक रेलवे विभाग ने मृतकों के परिवार को मुआवजा नहीं दिया है और घायल आदमी को भी अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। मृतक परिवार के लोग भुखमरी के शिकार हैं और घायलों को अपने इलाज पर काफी पैसा खर्च करना पड़ा है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मृतक परिवार को कम से कम दो लाख रुपये एवं घायल व्यक्ति को कम से कम एक लाख रुपये तत्काल दिये जाएं।

MR. SPEAKER: Shri E.G. Sugavanam – not present.

Shri Mahendra Prasad Nishad.